तापमान

अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 11 जुलाई 2024


10 जयप्रकाश रिकार्ड में मृत, फैमिली आईडी में जिंदा...



10 बलबीर चंद गुप्ता की प्रतिमा का किया अनावरण



## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**अलेवा।** अलेवा पुलिस ने दिल्लूवाला निवासी महिला पर जानलेवा हमला करने के मामले में गांव के ही संदीप व कश्मीर दो आरोपियों को मंगलवार शाम को गांव के चौंक से काबू किया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों को बुधवार को जींद अदालत में पेश किया है। इस मामले के छह आरोपित फि लहाल भी पुलिस की गिरफ त से बाहर है।

### भगत सिंह कॉलोनी से कार चोरी, मामला दर्ज

**कैथल।** भगत सिंह कॉलोनी से अज्ञात आरोपी ने एक युवक की कार चारी कर ली। गांव जाजनपुर निवासी कृष श्योकंद ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि छह जुलाई को वह अपनी कार में कैथल की भगत सिंह कॉलोनी में आया हुआ था। वहां गली में खड़ी उसकी कार को अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया।

### स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता, केस दर्ज

**जींद।** गांव जलालपुरा से स्कूल के लिए निकली छात्रा के गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जलालपुरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी स्कूल के लिए निकल थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। तलाशने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**कैथल।** मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। गांव करोड़ा निवासी नरेश ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि छह जुलाई को आरोपी रामनिवास व नितिन ने उसे व उसके बेटे को रॉड व लाठियों से पीटा। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव ढाबी टेकसिंह से युवती के गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढाबी टेकसिंह निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत सात जुलाई को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। आसपास तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का सुराग नही लगा।

### 9.33 लाख का ऋण करवाया उपलब्धः डीसी

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा वित्त वर्ष के दौरान जिला के 11 युवाओं को स्वरोजगार शुरू करने हेतू 9 लाख 33 हजार रुपये का ऋ ण उपलब्ध करवाया है, जिसमें से 65 हजार रुपए अनुदान राशि है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा अनुसूचित जाति के युवाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए ऋ ण उपलब्ध करवाया जाता है।

### कम्प्यूटर आपरेटर 15 से हड़ताल पर

**जींद।** कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ ने बुधवार को उपायुक्त को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि कंप्यूटर आप्रेटर 15 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। सरकार उनकी मांगों की तरफ कोई संज्ञान नही ले रहा है।

### उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश सिंह की अगुवाई में एचसी कुलदीप की टीम द्वारा उद्धघोषित अपराधी जिला जींद के गांव बेलरखा निवासी अजय हाल निवासी कैथल को काबू कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर वर्ष 2020 के दौरान करनाल रोड स्थित फैक्ट्री से मजदूरों के मोबाइल फोन व नकदी चोरी करने का आरोप है।

### बिजली निगम के एसडीओ के आश्वासन पर माने

# बिजली किल्लत से खफा दो गांवों के किसानों ने रोका नेशनल हाइवे

## किसान बोले, बिजली नहीं आने से खेतों में सूख रही धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

खेतों में बिजली सप्लाई नियमित रूप से नहीं आने से गुस्साए किसानों द्वारा दिल्ली पटियाला हाइवे पर खरकभूरा चौक पर खरकभूरा, सफा खेड़ी के किसानों रोड को जाम कर दिया। हाइवे पर ट्रैक्टर-ट्राली, बाइक खड़े जाम किसानों ने लगाया। सड़क पर बैठ कर सरकार, प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। जाम लगने के चलते दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई। वाहन चालक लिंक मागार्ें से अपने निर्धारित स्थानों पर जाते दिखाई दिए। किसानों द्वारा उन वाहनों को जाने दिया जिनको जरूरी काम था। जाम लगने की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी पवन कुमार पहुंचे। बिजली निगम के एसडीओ संजीव ठकराल ने ग्रामीणों को खेतों में शेड्यूल के हिसाब से नियमित रूप से बिजली देने का आश्वासन दिए जाने पर किसानों ने जाम खोला। ग्रामीणों ने कहा कि खेतों में बिजली शेड्यूल के हिसाब से नहीं मिलने से धान की फसल खराब हो रही है। धान की रोपाई के बाद बिजली की जरूरत है लेकिन बिजली नहीं आ रही है। 8 घंटे बिजली खेतों में मिलनी चाहिए लेकिन बड़ी मुश्किल से दो घंटे मिलती है। बिजली लाइन का जंपर अगर लगाना पड़ जाए तो बिजली निगम में बार-बार कहने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती। मजबूरी में किसानों को हाइवे पर जाम करना पड़ा क्योंकि खेतों में बिजली नहीं आने से उनकी फसल सूख रही है। बारिश नहीं होने से धान को पानी की जरूरत है। ऐसे में बिजली आने पर ट्यूबवेल से पानी धान को दे सकेंगे।



खरकभूरा रोड पर सड़क के बीच वाहन खड़े कर जाम लगाते । *फोटो :हरिभूमि*



**उचाना।** हाइवे जाम होने के चलते जाम में फंसे वाहन चालक। *फोटो :हरिभूमि*



**उचाना।** जाम के दौरान निकलने की कोशिश करते बाइक सवार। *फोटो :हरिभूमि*

### शेड्यूल के अनुसार बिजली दें

बिजली की समस्या को लेकर किसानों द्वारा लगाए गए जाम की जानकारी मिलने पर हलके के दौरे पर आए पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह ने बिजली निगम के अधिकारियों से बातचीत करते हुए किसानों को शेड्यूल के हिसाब से बिजली देने को कहा ताकि फसल के सीजन में किसानों को परेशानी न हो।

**रोड जाम करने पर ही होती है सुनवाई :** किसानों ने ऐसा नहीं है कि इसको लेकर बिजली निगम को अवगत नहीं करवाया गया बल्कि एसडीओ सहित जितने भी अधिकारी, कर्मचारी है सबको बार-बार अवगत करवा चुके है लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है। खेती के समय अगर बिजली खेतों में नहीं मिलेगी तो फसल खराब होगी। खेतों में अपने काम छोड़ कर मजबूरी में किसानों को रोड जाम करना पड़ रहा है। रोड जाम से परेशानी लोगों को होती है इसका पता है लेकिन बिना रोड जाम किए सुनवाई प्रशासन नहीं करता है। रोड जाम करने पर तुरंत सुनवाई हो जाती है। रोड जाम से पहले अगर सुनवाई हो जाए तो क्यों रोड अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण जाम करें।



**उचाना।** सफा खेड़ी में मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली की तारें।

# मौत के साये में जी रहे सफा खेड़ी में ग्रामीण

- मकानों के ऊपर से गुजर रही मौत अब तक हो चुकी 3 लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सफा खेड़ी गांव में तारखा-सफा खेड़ी रोड पर मकानों के ऊपर से मौत गुजर रही है। यहां मकानों के ऊपर से जा रही बिजली की हाईटेंशन तारों के चलते दो मौत अब तक हो चुकी है। इसको लेकर कई सालों से ग्रामीण गुहार लगा रहे है लेकिन अब तक तारों को मकानों के ऊपर से नहीं हटाया गया है। हाईटेंशन बिजली की तारों के चलते मकान मालिक दो मंजिला मकान तक नहीं बना पाते है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के मौसम में मकान में हुक्का पीते समय उस पर अगर बिजली चेक करने वाला टेस्टर लगा ले तो उसमें भी लाल बत्ती आ जाती है। छात्ते लेकर अगर मकान के अंदर से बाहर जाते है तो करंट जैसा झटका महसूस होता है। तारों को मोहल्ले से दूर सिफ्ट किया जाए ताकि किसी तरह का हादसा भविष्य में न हो। विकास, कृष्ण, रमेश ने बताया कि मकानों के ऊपर से बिजली की हाटेंशन की ग्रामीणों के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। यहां पर अब तक तीन मौते भी हो चुकी है। मकान में रहने वालों को इन तारों से इतना डर है कि दूसरी मंजिल तक का मकान यहां पर ग्रामीणों ने नहीं बनाया है। बारिश के दिनों में तो दीवारों तक में कंरट तक आ जाता है। ऐसा नहीं है कि ये तारे मकानों के ऊपर से अब ही गुजर रही है हो बल्कि सालों से बिजली की हाईटेंशन की तारे मकानों के ऊपर से गुजर रही है।

### जल्द करवाएंगे समाधान

वाल्मीकि बस्ती में पहुंचे पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह के समक्ष ग्रामीणों ने बिजली की तारों को हटवाने की मांग रखी। इस पर बिजली निगम के संबंधित विभाग के एक्सईएन से बातचीत पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने। बृजेंद्र सिंह ने बताया कि दो बार हाईटेंशन तार को लेकर टेंडर लग चुके है लेकिन टेंडर लेने के लिए कोई नहीं आया। ये नरवाना से लेकर जींद तक लाई है। अधिकारियों ने बताया है कि इसको लेकर बजट मंजूर हो चुकी है। अब दोबारा से फिर टेंडर लगाए जाएंगे।

# अवैध निर्माण को हटाने के लिए पहुंचा जिला प्रशासन का अमला लौटा बैरंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर के वार्ड नंबर 4 पुराने थाने के पास तालाब पर कब्जा कर अवैध निर्माण को हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम नायब तहसीलदार सुरेश कुमार की अगुवाई में पुलिस प्रशासन, नगर पालिका प्रशासन व तहसील का स्टाफ मौके पर पहुंचा। लेकिन दी गई निशानदेही को खुर्द बुर्द करने से प्रशासन के अमले को खाली हाथ लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 4 के राजेंद्र ने अवैध कब्जे को लेकर सीएम विंडो में शिकायत दी हुई थी और यह लंबे समय से कई बार सीएम विंडो में शिकायत भी लगा चुका हैं। जिस पर प्रशासन ने कार्रवाई करते ड्यूटी मजिस्ट्रेट सुरेश की अगुवाई में नगर पालिका प्रशासन पुलिस प्रशासन के साथ तहसील परिसर का स्टाफ मौके पर कार्रवाई करने पहुंचा। मौके पर मामला भी काफी गर्मा गया था। लेकिन निशानदेही सही नही मिलने पर मामले को आगे के लिए टाल दिया गया। निशानदेही होने पर आगामी कार्यवाही करने की बात कही गई। नगर पालिका सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि वार्ड नंबर 4 के राजेंद्र कुमार ने सीएम विंडो में अवैध कब्जा हटाने को लेकर शिकायत सीएम विंडो में शिकायत की हुई है।



# कुख्यात बदमाश जोगिंद्र ग्योंग फिलिपिंस में गिरफ्तार

## कैथल में 16 मामले दर्ज, नेपाल का कांत गुप्ता बनकर रह रहा था जोगिंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला कैथल के कुख्यात गैंगस्टर सुरेंद्र ग्योंग के भाई जोगिंद्र ग्योंग को फिलीपींस में वहां की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जा हरा है कि वह दो साल से वहां रह रहा है। उसने एक नेपाली पासपोर्ट बनाया था, जिसमें स्वयं को नेपाल का रहने वाला कांत गुप्ता दर्शाया था और उसी के आधार पर फिलीपिंस में कारोबार कर रहा था। जोगिंद्र ग्योंग पर हरियाणा के कई जिलों में हत्या, फिरौती, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती व अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। अब कैथल पुलिस को आरोपी के डिपोर्ट होने का इंतजार है। पुलिस जोगिंद्र पर कैथल में दर्ज मामलों की पड़ताल में जुटी है कि किस मामले में क्या कार्रवाई हुई है और किसमें बाकी है। जानकारी अनुसार भाई सुरेंद्र के एनकाउंटर के बाद जोगिंद्र ने करनाल के जयदेव शर्मा की हत्या की थी। जोगेंद्र को शक था कि सुरेंद्र का एनकाउंटर जयदेव की मुखबिरी के कारण हुआ है। पानीपत में भी उसने एक व्यक्ति की हत्या की थी। पुलिस ने मामले में उस पर 50 हजार रुपये का इनाम रखा था। यही नहीं, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला को भी उसने जान से मारने की धमकी दी थी। कैथल की बात करें तो वर्ष 2006 में कैथल के प्लाइवुड व्यापारी नरेंद्र अरोड़ा हत्याकांड भी जोगिंद्र ने किया था।

### कानून के अनुसार कार्रवाई होगी

पुलिस अधीक्षक उपासना ने बताया कि गैंगस्टर जोगिंद्र ग्योंग की गिरफ्तारी के संबंध में पुलिस को सूचना मिली है। उस पर कैथल में दर्ज मामलों की जानकारी जुटाई जा रही है। जैसे ही वह डिपोर्ट होकर कैथल लाया जाएगा तो कानून अनुसार कार्रवाई की जाएगी


### एनकाउंटर में मारा था सुरेंद्र

गौरतलब है कि गैंगस्टर सुरेंद्र ग्योंग को जनवरी 2017 को करनाल और कैथल पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन के तहत करनाल के गांव राहड़ा में उस वक्त एनकाउंटर में मार गिराया गया था, जब वह अपनी होंडा सिटी कार में असंध की ओर जा रहा था। जोगिंद्र ग्योंग ने इसके पीछे सुरेंद्र ग्योंग के साथी रहे जयदेव पर मुखबिरी का शक जताया था, जिसके चलते करनाल में उसकी हत्या कर दी थी।

# मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति ने फंदा लगा कर खुदकुशी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिवपुरी कालोनी में संदिग्ध हालात के चलते व्यक्ति ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मृतक को मानसिक रूप से परेशान बताया है। शहर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिवपुरी कालोनी निवासी ईश्वर (56) ने गत दिवस शाम को अपने घर में सदिग्ध हालत में फांसी का फंदा लगा लिया। परिजनों को घटना का उस समय पता चला जब काफी देर तक वह कमरे से बाहर नही आया। परिजनों ने अंदर जाकर देखा तो ईश्वर फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। जब तक उसे नीचे उतारा जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पा कर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि ईश्वर मानसिक रूप से परेशान रहता था। जिसके चलते उसने फांसी का फंदा लगा लिया। शहर थाना पुलिस ने मृतक के शव का अस्पताल में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।





**जींद।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

### रोडवेज कर्मियों ने कार्यालय अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** हरियाणा रोडवेज मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन ने बुधवार को मांगों को लेकर ज्ञापन कार्यालय अधीक्षक अशोक गोरिया को सौंपा। मिनिस्ट्रियल स्टाफ कर्मियों ने स्पष्ट किया कि उनकी मांगें काफी समय से लंबित हैं, जिन्हें पूरा नही किया जा रहा है। ऐसे में जल्द से जल्द मांगों को पूरा किया जाए। ज्ञापन सौंपने से पहले हरियाणा रोडवेज मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन की बैठक जिला प्रधान अनूप श्योकंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि विभाग में वर्क प्रोफाइल को अनदेखा करते हुए किए जा रहे शोषण बारे व जब से डिपो की स्थापना हुई है, तब से सहायकों के पदों की संख्या 'यों की त्यों है। कर्मचारी आज भी स्वीकृत पदों की कमी या अभाव में परिवहन विभाग का लिपिक सहायक पद का वर्तमान कार्य प्रभार कर रहे हैं। इन तथ्यों को मध्यनजर रखते हुए हरियाणा सरकार दिसंबर 2021 द्वारा जारी किए गए कार्य आंकलन मानदंड और स्टाफिंग नीति के अनुसार कार्यालय संरचना का निर्माण एवं सहायक पदों का मूल्यांकन अनुसार कार्यालय संरचना का निर्माण एवं सहायक पदों का मूल्यांकन करते हुए समस्या का समाधान करें। अन्यथा विभाग किसी भी प्रकार का आंदोलन हडताल रैली होने की एवज में समय जिम्मेदार होगा।

### ठगी का आरोपी भेजा जेल 1.5 लाख की नकदी बरामद

**कैथल।** एक युवक को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 26.20 लाख रुपये की ठगी करने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल के एएसआई महेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव टीक निवासी दलेर सिंह को गिरफ्तार करके न्यायालय से एक दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बरोट निवासी गुरप्रीत सिंह की शिकायत के अनुसार वह उसके भाई मनप्रीत सिंह को विदेश भेजना चाहता था। इसके लिए उसने गांव समाधां निवासी सिमरन कौर व उसके पति जतिंदर सिंह से बातचीत की। सिमरन ने कहा कि वे उसके भाई का ऑस्ट्रेलिया का वीजा लगवा देंगे। आरोपियों ने दलेर सिंह, उसकी पत्नी गुरप्रीत कौर, लवप्रीत सिंह, दिल्ली निवासी जगप्रीत सिंह, उसकी पत्नी कुलदीप कौर, अंबाला निवासी संदीप सेठी व मुकेरिया पंजाब निवासी लखा सिंह के साथ मिलकर अलग-अलग समय में उससे 26 लाख 20 हजार रुपये ले लिए व कहा कि भाई को इंडोनेशिया के रास्ते ऑस्ट्रेलिया भेजेंगे।

# युवक की संदिग्ध मौत पांच पर हत्या का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव रिटोली में पखवाड़ा पहले हुई व्यक्ति की मौत के मामले में पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव रिटोली निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 25 जून शाम को उसके चचेरे भाई राकेश 26 को पडोसी विक्रम तथा दो-तीन व्यक्ति अपने साथ बुला कर ले गए थे। देर रात को विक्रम के घर से चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। वह दूसरे पडोसी के साथ विक्रम की छत पर पहुंचे तो राकेश खून से लथपथ पड़ा हुआ था। जिसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान राकेश की मौत हो गई। पवन ने आरोप लगाया कि उसके भाई राकेश की हत्या तेजधार हथियार से विक्रम तथा उसके साथियों ने की है। हालात संदेहजनक होने पर पुलिस ने मृतक के बिसरे को जांच के लिए लैबोरट्री भेज दिया था। मृतक की पत्नी मीनू ने पुलिस को बताया कि उस दौरान वह होशोहवास में नही थी। अब उन्होंने तसल्ली कर ली है। उसके पति की हत्या विक्रम तथा उसके साथियों ने की है।

## 12 और 13 को बारिश के आसार, परिवर्तशील बना रहेगा मौसम

# तापमान में इजाफा, मौसम में उमस से लोग दु:खी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले मे मानसून सीजन मे खुलकर बारिश न होने से मौसम मे बनी उमस ने लोगो के साथ-साथ किसानों की परेशानी को बढाया हुआ है। धान रोपाई तथा रोपी गई धान फसल मे पानी की जरूरत है। ऐसी हालात में किसानों को टयूबबैलों का सहारा लेना पड रहा है। तापमान में भी दो डिग्री का इजाफा हुआ है। गर्मी के साथ बनी उमस का असर जनजीवन पर भी देखने को मिल रहा है। बुधवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम मे आद्रता 64 प्रतिशत तथा हवा की गति छह किलो मीटर प्रति घटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 12 व 13 जुलाई को बारिश के आसार बन रहे हैं। जिले में मानसून सीजन मे दो बार बारिश हुई है। पिछले एक सप्ताह से बारिश नही हुई। जिसके चलते तापमान मे भी इजाफा हुआ ओर उमस भी बढी। हालांकि आकाश मे बादलवाई भी बनी रहती है। लेकिन बारिश नही हो रही है। बुधवार को दिन का आगाज साफ मौसम के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ तापमान मे इजाफा होने के साथ मौसम मे उमस भी बन गई। बीच-बीच मे बादलवाई भी देखने को मिली। लेकिन मौसम उमस भरा रहा। जिसके चलते लोगो को परेशानी का सामना करना पडा।



**जींद।** खेत में काम करते किसान। *फोटो :हरिभूमि*

### मानसून फिर होगा सक्रिय

मौसम विज्ञानिक डा राजेश ने बताया की 12 तथा 13 जुलाई को बारिश की सभावना बनी हुई है। कमजोर हुआ मानसून फिर सक्रिय होगा। हालाकि मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा बारिश के बाद तापमान मे गिरावट आएगी।




**जींद।** प्रदर्शन में भाग लेते मजदूर। *फोटो :हरिभूमि*

### मजदूर और कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

**जींद।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (सीटू) जिला कमेटी जींद के नेतृत्व में मजदूरों व कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री व उपायुक्त के नाम मांग पत्र दिए गए। प्रदर्शन से पहले तमाम मजदूर व कर्मचारी जींद के नेहरू पार्क में इकट्ठे हुए और जनसभा की। जिसकी अध्यक्षता सीटू के जिला उपाध्यक्ष कॉमरेड रमेश चन्द्र व संचालन सचिव कपूर सिंह ने किया। रा'य उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा सरकार मजदूर, कर्मचारी और किसान विरोधी है। हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में जनता ने भाजपा की नीतियों को समझ करके मतदान दिया है। 400 सीटें को जीत कर सरकार बनाने का दावा करने वाली भाजपा को केवल 240 सीटें ही मिली। हालांकि तीसरी बार दूसरे दलों के सहारे सरकार बनाने में भाजपा कामयाब हो गई लेकिन उसकी नीतियों में कोई अंतर नहीं दिखाई देता है। यूनियन की मुख्य मांगों में मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड्स को रद करो।

**खबर संक्षेप**

## गांव डिडवाड़ा से ट्रैक्टर चोरी, केस

**सफीदों।** उपमंडल के गांव डिडवाड़ा से ट्रैक्टर चोरी का मामला सामने आया है। सफीदों पुलिस को दी शिकायत में गांव डिडवाड़ा निवासी बिजेंद्र ने कहा कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है और हर रोज की तरह ट्रैक्टर को काम करने के बाद गांव डिड़वाड़ा में की अनाज मंडी में खड़ा कर दिया था। सुबह मैने अनाज मण्डी में जाकर देखा तो पाया कि उसका ट्रैक्टर मौके से नदारद था।

## जुलाना में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**जुलाना।** भाजपा नेता डा. सुरेंद्र लाठर के कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डा सुरेंद्र लाठर ने कहा कि भाजपा पार्टी ने राई के विधायक और सोनीपत लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी मोहन लाल बडौली को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। मोहन लाल के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा।

## पंजीकरण संख्या का नवीनीकरण करवाएं

**जींद।** जिला रोजगार अधिकारी अंजू नरवाल ने बताया कि रोजगार कार्यालय में पंजीकृत सभी प्रार्थियों की रोजगार कार्यालय पंजीकरण संख्या का हर तीन वर्ष बाद नवीकरण किया जाना होता है। पंजीकरण संख्या के नवीकरण की तिथि पंजीकरण कार्ड के अंतिम कॉलम में अंकित रहती है तथा इसे प्रार्थी स्वयं पासवर्ड से विभागीय पोर्टल पर लॉग इन करते या अटले सेवा केंद्र पर जाकर नवीकरण करवा सकते हैं।

## स्कूल का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**जींद।** गांव ब्राह्मणवास के सरकारी स्कूल का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर कंप्यूटर व अन्य सामान को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने स्कूल मुखिया की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुख्यिा पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने कमरे का ताला तोड़ कर कंपूटर व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

## दुर्जनपुर में उपमंडलस्तरीय वन उत्सव कार्यक्रम आज

**उचाना।** अंतरराष्ट्रीय जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में 11 जुलाई को उपमंडल स्तरीय वन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्जनपुर में आयोजित किया जाएगा। म्हारा हरा भरा उचाना स्कीम के संयोजक मास्टर रामप्रसाद ने बताया कि हर वर्ष की भांति उचाना उपमंडल के कई गांव में वन विभाग, मनरेगा के सहयोग से उप मंडल के विभिन्न गांवों और विभागों को साथ जोड़ते पौधरोपण कार्यक्रम को जोर-जोर से बरसाती महीनों में मनाया जाएगा।

## धमकी देकर किशोर के साथ कुकर्म, एक नामजद

**जींद।** सदर थाना इलाका गांव में किशोर के साथ कुकर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ कुकर्म समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

## जींदः कर्मचारी यूनियन कार्यकर्ता सम्मेलन 19 को

**जींद।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की बैठक यूनियन कार्यालय में प्रांतीय कोषाध्यक्ष व ब्रांच प्रधान पवन रजाना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ब्रांच सचिव हीरामल नरवाल ने किया।

## गुरु साधक को संयम का पाठ पढ़ाते हैं : मुनि

**सफीदों।** नगर की जैन स्थानक में धर्मसभा को संबोधित करते जैन संत श्रीपाल मुनि महाराज ठाणे-3 ने कहा कि गुरू साधक को संयम का पाठ पढ़ाते हैं। संयम का मतलब है मर्यादा करना। अगर नदी दोनों किनारों को तोड़ देंगी तो सब को तबाह कर देगी। मर्यादा रखनी होगी। रावण बड़ा ज्ञानी था लेकिन जब सीता का हरण करने के लिए मर्यादा तोड़ी तो सर्वनाश हो गया।

### गांव शादीपुरा निवासी ने डीसी से लगाई गुहार, त्रुटि ठीक करने के आदेश

# जयप्रकाश रिकार्ड में मृत, फैमिली आईडी में जिंदा, नही मिल रही पेंशन

**समाधान शिविर में अबतक रजिस्टर हुई 5329 में से 4094 का समाधान, अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर लोगों की शिकायतों का करें समाधान : डीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने लघु सचिवालय के स्थानीय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। बुधवार को समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 42 शिकायतें प्राप्त हुईए जिन्हें संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए सौंप दिया गया। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा हर कार्य दिवस सुबह नौ से 11 बजे तक जिला व उपमंडल मुख्यालय पर लोगों की शिकायतें सुनी जा रही हैं। समाधान शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर लोगों की शिकायतों का निपटारा कर रहे हैं। इसी प्रकार गांव शादीपुरा निवासी जयप्रकाश ने बताया कि उसे कई महीनों से बुढ़ापा पेंशन नही मिल रही है। समाज कल्याण विभाग से पता करने पर पाया कि उसे मृतक दर्शाया गया है। जबकि फैमिली आईडी में वह जीवित दर्शाया गया है। उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग को जल्द से जल्द त्रुटि ठीक कर उसकी पेंशन शुरू करने के निर्देश दिए। गांव जुलानी निवासी रामरती देवी ने अपनी समस्या में बताया कि कुछ समय पहले उसके घर के पास सड़क का निर्माण किया गया था लेकिन सड़क का झुकाव घर की तरफ होने के कारण पानी घर के सामने इकट्ठा हो जाता है जिसके कारण उसके परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव शामलोखुर्द निवासी गौरव अपनी फरियाद लेकर आया कि अनाथ होने के कारण उसकी आय का कोई साधन नहीं है जिसके कारण वह स्कूल नही जा पा रहा है। उपायुक्त ने जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारी इन शिकायतों का जितनी जल्दी हो सके समाधान करें। सरकार द्वारा समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निपटारे की निरंतर समीक्षा की जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि जिला में अब तक सभी उपमंडल स्तर पर 5329 समस्याओं का रजिस्ट्रेशन हुआ है जिसमें से अधिकारियों द्वारा 4094 समस्याओं का समाधान किया जा चुका है और लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाएगा। समाधान शिविर में उपायुक्त के समक्ष बुधवार को कुल 42 समस्याओं का पंजीकरण किया गया। जिनमें से कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर ही कर दिया गया और कुछ को सम्बंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। कुछ प्रार्थी 100 वर्ग गज प्लाट का आवेदन लेकर समाधान शिविर में पहुंचे थे लेकिन सरकार की ऐसी कोई भी स्कीम अभी सक्रिय नही है। जिसके तहत उन्हें प्लाटों का आबंटन किया जाए।



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी व अन्य अधिकारी।

### समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई करने के निर्देश

जिसके कारण उनकी अर्जी को अस्वीकार कर दिया गया। बुधवार को आई अधिकाशं समस्याएं आय ठीक करवाने, मजदूरी के लिए श्रम विभाग के तहत कॉपी बनवाने, दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने, वृद्धावस्था, दिव्यांग विधवा पेंशन बनवाने से संबंधित रहीं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव सिंगवाल निवासी पालासिंह ने उपायुक्त के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए बताया कि उनकी बाई आंख से उन्हें कुछ नहीं दिखता है। परंतु आय का कोई साधन ना होने के कारण वह ऑपरेशन नहीं करवा पा रहा है। उसने यह भी बताया कि वह चलने में भी असहज है। उसकी समस्या पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने तुरंत स्वस्थ विभाग को इस समस्या पर अमल करने के निर्देश दिए। मौके पर मौजूद डिप्टी सीएमओ रमेश पांचाल ने तुरंत प्रभाव से पाला सिंह को सिविल अस्पताल में आगामी कार्रवाई के लिए भेज दिया।

### समाधान से आई चेहरे पर मुस्कान

गांव गोविंदपुरा निवासी पिंकी का कुछ समय से राशन कार्ड नहीं बन पाने के कारण वह परेशान थी लेकिन समाधान शिविर में उसकी समस्या का समाधान होने पर उसने प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार पुराना हांसी रोड निवासी विजेंद्र अपनी फैमिली आई डी में अपनी बढ़ी हुई आय के कारण सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से वंचित होने के चलते परेशान था। समाधान शिविर में उसे भी राहत मिली। इसी प्रकार गांव मुराली निवासी शिमला, गांव भंभेवा के अमित सिंह, गांव नगूरां की पिंकी समेत बहुत से प्रार्थियों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। जिसके कारण उनके चेहरे पर मुस्कान आने से उन्होंने प्रदेश सरकार एवं उपायुक्त का आभार व्यक्त किया। समाधान शिविर में डीएमसी वीरेंद्र सहरावत, एसडीएम राकेश सैनी, डीआरओ राज कुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, डीएसपी जोगेंद्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सरोज देवी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## समस्याओं का जल्द से जल्द हल करने के निर्देश

**जींद।** सफीदों में एसडीएम मनीष फोगाट की अध्यक्षता में उपमंडल के लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 31 फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे जनता की समस्याओं के निपटान के लिए सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर में आमजन अलग-अलग समस्याएं लेकर पहुंचे। गौरतलब है कि समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों के एक जगह उपस्थित होने के कारण शिविर में आने वाले प्रार्थियों को अलग-अलग कार्यालयों में भटकना नहीं पड़ता है। एक ही छत के नीचे सभी नागरिक अपनी समस्या बता सकते हैं। बुधवार को 'यादातर शिकायतें फैमिली इंकम, बुढ़ापा पेंशन, बिजली संबंधि थी। जिनको लेकर एसडीएम मनीष फोगाट ने सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में पिल्लूखेड़ा निवासी प्रवीण कुमार बिजली संबंधी समस्या लेकर आए और उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष नया बिजली कनेक्शन लगवाया था और विभाग द्वारा बिजली मीटर लगा भी दिया गया लेकिन उसका अबतक ना एक भी बिल आया और ना ही मीटर नं जनरेट हुआ। एसडीएम के मार्गदर्शन में डीएचबीवीएन के जेई सीताराम ने मोके पर ही समाधान किया।




## मांगों का समाधान नही तो आंदोलन तेज करेंगे : जगदीश

**जींद।** नगर पालिका कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगो को लेकर जिला प्रधान जगदीश कुमार की अध्यक्षता मे नेहरू पार्क में बैठक की। बैठक का संचालन ईकाई सचिव राजबीर ने किया। रा'य के मुख्य संगठनकर्ता शिवचरण, केंद्रीय कमेटी सदस्य जयप्रकाश, जिला प्रधान जगदीश कुमार व ब्लॉक प्रधान बिजिंदर कांगडा ने कहा कि संगठन द्वारा 19 से 29 अक्टूबर 2022 में 11 दिनों तक की गई सफल हड़ताल के दवाब मे शहरी स्थानीय निकाय विभाग की तरफ से पत्र जारी किए थे। पर अभी तक मांगे 'यों की त्यों लंबित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य मांगों में आठ फरवरी के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के पत्र के अनुसार सभी पे रोल के कर्मचारियों को पक्का करने, डोर टू डोर के कर्मचारियों को 14500 रुपये मासिक वेतन देने व ईपीएफ, ईएसआई जमा करवाने, गुरुग्राम, कैथल व अन्य पालिका, परिषदों, निगमों से हटाए गए कर्मचारियों को दोबारा से ड्यूटी पर लेना और फायर के 1366 अनियमित कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा देने आदि शामिल है।

# आज जारी होगी दूसरी प्रोविजनल लिस्ट

■ छात्रों को यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर फीस भरने की अवधि समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पहली मेरिट लिस्ट में स्थान पाने विद्यार्थियों को यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर फीस भरने की अवधि समाप्त हो चुकी है। पहले नौ जुलाई तक विद्यार्थियों के पास फीस भरने का समय थाए लेकिन सर्वर धीमा चलने के कारण विद्यार्थियों को फीस ऑनलाइन भरने में परेशानी आ रही थीए जिसके चलते उच्चतर शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों को राहत देते हुए दस जुलाई तक फीस भरने का समय दिया था। जो बुधवार को समाप्त हो चुका है। अब उच्चतर शिक्षा विभाग ने नया शेड्यूल जारी किया है, जिसके अनुसार 11 जुलाई को दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी और फाइनल मेरिट लिस्ट 12 जुलाई को जारी होगी। मेरिट लिस्ट में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी 15 जुलाई तक फीस भर सकेंगे। पहली व दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद भी अगर कॉलेजों में सीट खाली रह जाती हैं तो 17 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग होगी। रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा 17 जुलाई को दोबारा से पोर्टल खोला जाएगा। 17 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक नए आवेदन व पहले किए गए आवेदनों में संशोधन कर सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिला ले सकते हैं। वहीं 25 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से लेट फीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते हैं। राजकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉण सत्यवान मलिक ने बताया कि कॉलेज में विभिन्न संकायों में निर्धारित 1550 सीटों में से पहली मेरिट लिस्ट में 636 विद्यार्थियों ने फीस जमा करवाई है और अभी दूसरी मेरिट लिस्ट के लिए 914 सीट खाली हैं।



प्रो. सत्यवान मलिक।

## युवा विकास समिति ने तीर्थ पर लगाए पौधे

**जींद।** युवा विकास समिति जींद के साप्ताहिक अभियान के तहत लगाए पेड़ पौधे युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष व जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि युवा विकास समिति जींद के साप्ताहिक अभियान के छठे दिन पुष्कर तीर्थ पोकरी खेड़ी में फलदार पौधे लगाए। युवा विकास समिति जींद के संयोजक प्रवीण सैनी ने कहा कि समिति गांव.गांव जाकर पेड़-पौधे लगा रही है और युवाओं को भी जागरूक कर रही है कि इस बरसात के मौसम में 'यादा से 'यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए। समिति के महासचिव विनोद शर्मा ने कहा कि पेड़ों से ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को भी कम कर सकते हैं। पेड़ हमारी एकमात्र जीवन रेखा है। इसके बिना हमारी दुनिया बंजर भूमि में बदल जाएगीए जिससे कोई जीवन नहीं होगाए इसलिए हमें 'यादा से 'यादा पेड़ पौधे लगाने चाहिए। युवा विकास समिति जींद के सचिव रणबीर ने कहा कि जीवित प्राणी को जीवित रहने के लिए भोजन पानी और हवा की आवश्यकता होती है। तीनों बुनियादी आवश्यकताओं के उत्पादन में पेड़ बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# श्रद्धालुओं को गंगा स्नान के लिए किया रवाना

■ बलजीत रेढू की समाजसेवा का सिलसिला और आगे बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढू की समाजसेवा का सिलसिला बुधवार को और आगे बढ़ा। इसके तहत बलजीत रेढू ने बुधवार को जींद के कैरखेड़ी और जीतगढ़ गांव से सैंकड़ों महिलाओं और पुरुषों को मुफ्त गंगा स्नान की खातिर हरिद्वार के लिए रवाना किया। बलजीत रेढू ने 100 दिन में 11 हजार लोगों को मुफ्त गंगा स्नान करवाने का प्रण लिया है। इसके तहत बुधवार को पहले उन्होंने जींद के जीतगढ़ गांव से और उसके बाद कैर खेड़ी गांव से महिलाओं और पुरुषों से भरी बसों को हरिद्वार के लिए रवाना किया। इन बसों को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए बलजीत रेढू ने कहा कि समाजसेवा का यह सिलसिला रुकेगा नहीं बल्कि और आगे बढ़ता रहेगा। उनकी समाजसेवा का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है। जींद में मुफ्त जल सेवा के बाद जींद के 36 गांवों की बेटियों के लिए उन्होंने मुफ्त बस सेवा जींद शहर के शिक्षण संस्थानों तक चलाई हुई है। इसमें हजारों छात्राएं हर रोज अपने गांव से सवार होती हैं और जींद में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद सुरक्षित अपने घर लौट आती हैं। इसी तरह जींद के प्यासे लोगों की प्यास वह अपनी मुफ्त जल सेवा से बुझा रहे हैं। सूरजमल, विजेंद्र फौजी, रमेश नंबरदार, सुरजीत, अमित मिस्त्री, संजय मिस्त्री, बहादुर, सतीश, सोनू आदि मौजूद रहे।



जींद। बलजीत रेढू हरिद्वार के लिए बस को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।



## फास्ट फूड स्टाल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद द्वारा गांव घिमाना जिला जींद में चलाए जा रहे 10 दिवसीय फास्ट फूड स्टाल उद्यमी के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में 33 महिलाओं ने फास्ट फूड स्टाल उद्यमी का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरांत ये महिलाएं अपना काम शुरू करके अपने परिवार की आय बढ़ाएंगी व अपनी जीवनशैली में सुधर करेंगी व महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्यअतिथि हरियाणा रा'य आजीविका मिशन जिला कार्यात्मक प्रबंधक प्रवीन कुमार ने शिरकत की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि आज के युग में महिलाएं कैसे अपना रोजगार करके आगे बढ़ रही है और कितने बड़े स्तर तक अपना काम बढ़ाया है। आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद सरकार द्वारा चलायी जा रही स्कीमों के तहत सब्सिडी वाला लोन लेकर अपना काम शुरु कर सकती हैं। इस मौके पर ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद के निदेशक सुखबीर दहिया ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से फीडबैक लिया व बैंकिंग से सम्बंधित जानकारी प्रदान की।


# अग्निवीर का उद्देश्य युवा सेना तैयार करना : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश भाजपा महामंत्री अर्चना गुप्ता ने कहा है कि अग्नि वीर योजना का मुख्य उद्देश्य देश की सेना को आधुनिक तथा युवा सेना बनाना है। अग्निवीर योजना लागू करने से पहले देश की सेना कि औसत आयु 32 वर्ष थी जो अब कम होकर 26 वर्ष हो गई है। पूरे विश्व में सभी जगह पर सेना में औसत आयु 32 वर्ष से कम है। अर्चना गुप्ता बुधवार को पत्रकारों के साथ बातचीत कर रही थी। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष राजू मोर, भाजपा के जिला महामंत्री डॉ राज सैनी, सीएम के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा, भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी मनीष गोयल भी मौजूद थे। उन्होंने ने कहा कि वर्ष 2022 में 45896 वर्ष 2023 में 53575 अग्निवीरों की भर्ती की गयी है। वर्ष 2024 के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है। सरकार ने इस दौरान बेटियों को भी भारतीय सेना में शामिल किया है और आज बेटियां तीनों सेनाओं में काम करती हुई नजर आती हैं। अग्निवीर के माध्यम से 1985 बेटियों को सेना में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा अग्निवीर योजना को लेकर किए दुष्प्रचार किया जा रहा है। विपक्ष का यह विरोध देश विरोधी कार्य है। सेना को युवा होने के साथ-साथ आधुनिक तकनीक और नए-नए हथियारों से भी अवगत होना चाहिए।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अर्चना गुप्ता।



## दाड़न खाप प्रधान सूरजमल श्योकंद कांग्रेस में शामिल

**उचाना।** पूर्व दाड़न खाप प्रधान चौ. देवा सिंह के बड़े बेटे एवं दाड़न खाप प्रधान सूरजमल श्योकंद जेजेपी को छोड़ कर कांग्रेस में अपने परिवार एवं साथियों सहित शामिल हुए। देवा सिंह कालोनी में पहुंचे पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की अगुवाई में कांग्रेस का दामन थामा। सूरजमल श्योकंद दो बार नपा के प्रधान रहे चुके है तो कई बार पार्षद रह चुके है, उनकी पत्नी शकुंतला देवी भी नपा चेयरपर्सन रह चुकी है। सूरजमल श्योकंद को पार्टी में पूरा सम्मान देने की बात कहते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि उचाना हलके में सूरजमल श्योकंद के कांग्रेस में आने से कांग्रेस को फायदा होगा। चौ. देवा सिंह से हमारे परिवार के पुराने संबंध है बेशक पार्टी वो अलग में रहे हो। अब कांग्रेस में सूरजमल श्योकंद के आने से फायदा होगा। सूरजमल श्योकंद ने कहा कि वो पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला के साथ रहे है। अब दुष्यंत चौटाला के साथ थे। अपने परिवार के साथ वो कांग्रेस में शामिल हो गए है।

### सनातन धर्म पब्लिक स्कूल में पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन

# बलबीर चंद गुप्ता की प्रतिमा का किया अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

बुधवार को सनातन धर्म पब्लिक स्कूल में स्कूल के संस्थापक बलबीर चंद गुप्ता की पुण्यतिथि के अवसर पर बलबीर चंद गुप्ता की प्रतिमा का अनावरण भाजपा के राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने किया। उनके साथ जजपा स्थानीय विधायक रामनिवास सुरजाखेडा व बलबीर चंद गुप्ता के सुपुत्र अनुराग गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी भी मौजूद रहे। सनातन धर्म पब्लिक स्कूल का गठन स्थानीय प्रबुद्ध लोगों के सहयोग से वर्ष 1974 में किया। उससे पहले बलबीर चंद गुप्ता आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य स्कूल में हैड मास्टर के पद पर कार्यरत थे, प्रबंधन समिति के साथ कुछ मनमुटाव होने की वजह से उन्होंने आर्य स्कूल को छोड़ दिया। शहरवासियों ने उनकी प्रतिभा को देखते उनको नया स्कूल स्थापित करने के लिए पुरजोर समर्थन देने का आश्वासन दिया और लाला नाथी राम की स्टेशन के पार जमीन पर सनातन धर्म स्कूल का निर्माण किया गया। बलबीर चंद गुप्ता उस स्कूल के संस्थापक के साथ प्राचार्य बने। उनकी अनथक प्रयास से स्कूल ने दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की की और एक संस्था से शुरू हो कर चार संस्थाएं बन गई और हजारों की संख्या में डाक्टर, इन्जीनियरों, आईएएस, आईपीएस, एचसीएच की फौज तैयार कर स्कूल का नाम रोशन किया। इससे नरवाना शहर का भी नाम रोशन किया। वर्ष 2011 में जींद रोड पर स्कूल व कॉलेज का निर्माण किया। इस वर्ष सितंबर 2024 में यह संस्था अपने सफर के 50 वर्ष पुरे कर लेगी। रा'य सभा सांसद सुभाष बराला ने अपने सम्बोधन में कहा कि सनातन धर्म शिक्षण संस्थान ने अपने नाम को सार्थक करने का काम किया। बलबीर चंद गुप्ता ने एक पौधा रोपण किया था और संस्था की प्रबंधन समिति ने उस पौधे को उनकी मेहनत के बल पर खाद पानी देकर बड़ा किया। आज इस संस्था का नाम दूर दूर तक फैला हुआ है। सुभाष बराला ने अपने सम्बोधन में बताया कि टोहाना के एरिया से भी बच्चे इस संस्थान में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। सही मायने में बलबीर चंद गुप्ता ने संस्थान का नाम सनातन धर्म शिक्षा समिति के नाम को सार्थक करने का काम किया।



नरवाना। बलबीर चंद गुप्ता की प्रतिमा का अनावरण करते हुए सुभाष बराला व रामनिवास सुरजाखेड़ा।

## मोतीलाल स्कूल में टैलेंट शो आयोजित

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में टैलेंट शो का आयोजन किया गया। कार्यक्त्रम में पहली कक्षा से 12वीं कक्षा के बच्चों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा पर प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने दीप प्र'वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि टैलेंट हंट का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक प्रतियोगिता व गतिविधियों के लिए आत्मविश्वासए निर्भरताए जोश व प्रतियोगी भावना का विकास करना था। इस टैलेंट हंट में आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग, म्यूजिक डांसए भाषण जैसे विषयों को चुना गया। इसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी रोचकता व अभिरुचि के अनुसार विभिन्न विषयों को चुना। छात्रों ने लोकगीतों व लोक नृत्यों का बखूबी प्रदर्शन किया। आर्ट एंड क्राफ्ट एवं पेंटिंग में चित्रों व तस्वीरों को सजा कर अपनी प्रतिभा को और निखारने का प्रयास किया। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया और विद्यालय प्राचार्य रविंद्र कुमार ने सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि विद्यालय समय-समय पर ऐसे आयोजन करवाता रहता है ताकि छात्र अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचान सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य में कोई न कोई व्यक्तिगत गुण अवश्य होता है। इस प्रकार के आयोजन ही छात्रों के उन गुणों के निखार कर उसे समाज उपयोगी बनाते हैं। उन्होंने सभी छात्रों को उनकी प्रतिभागिता और प्रतियोगी भावना की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में प्रत्येक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इन आयोजनों से ही छात्रों का सर्वपक्षीय विकास संभव है।



## खबर संक्षेप

### विवाहिता को अपशब्द कहने के आरोप में केस

**कैथल।** चीका थाना के तहत आने वाले एक गांव में एक आरोपी ने 30 वर्षीय विवाहिता को अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। विवाहिता ने अपनी शिकायत में बताया कि आठ जुलाई को शाम के समय आरोपी प्रेम सिंह ने उसे अपशब्द कहे। विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी लखविंद्र ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** दुपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते हुए थाना चीका पुलिस के एएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा अलीपुर जटान जिला पटियाला पंजाब निवासी विक्की को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव मलिकपुर निवासी चरणजीत की शिकायत अनुसार 3 अप्रैल को उसकी बाइक गौशाला रोड़ चीका से अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज किया गया। उक्त मामले में पुलिस द्वारा पहले ही एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। उक्त चोरीशुदा बाइक आरोपियों के कब्जे से पहले ही पंजाब पुलिस द्वारा बरामद की जा चुकी है। आरोपी न्यायालय में पेश किया जाएगा, पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

## सरपंचों में खुशी का माहौल, सरकार की नीतियों को पहुंचा रहे घर-घर

# भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों के कायल हो रहे लोग : कर्णदेव कंबोज

जिला प्रभारी मनीष यादव ने मोर्चा और प्रकोष्ठ की भूमिका एवं संगठनात्मक विषय पर अपने विचार रखे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल






**कैथल।** भाजपा की बैठक में मंच पर बैठे पदाधिकारी तथा उपस्थित नेता व कार्यकर्ता फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी जिला कैथल की विस्तारित जिला कार्यकारिणी बैठक का आयोजन आर के एम प्लेस कैथल में आयोजन हुआ। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा कर्ण देव कंबोज और प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट वेदपाल ने शिरकत की। बैठक में मुख्य रूप में नवनिर्वाचित सांसद नवीन जिंदल जिला प्रभारी मनीष यादव ने शिरकत की। बैठक का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण करके एवम दीप प्रज्वलित करके की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने की। जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने मुख्यातिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। बैठक में जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा विधायक लीला राम मनीष यादव नवीन जिंदल एडवोकेट वेदपाल ने अपने अपने सत्र लिए और अपने विचार रखे। जिला प्रभारी मनीष यादव ने मोर्चा और प्रकोष्ठ की भूमिका एवं संगठनात्मक विषय पर अपने विचार रखे। मुख्यवक्ता कर्ण देव कंबोज ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने ग्रामीण विकास को ध्यान में रखते हुए सरपंचों को 21 लाख रुपये बिना टेंडर के विकास कार्यों पर खर्च करने का अधिकार दिया है। इसके अलावा उनको अन्य सुविधाएं और भत्ते भी जारी कर दिए हैं। आज समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं को दूर किया जा रहा है। खुद मुख्यमंत्री इन समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं की मानिटरिंग कर रहे हैं। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र की गलतियां, पेंशन, प्रोपर्टी आईडी की समस्याएं दूर की जा रही हैं। किसानों को भावांतर योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है। जिन बुजुर्गों की आयु 60 वर्ष हो जाती है, उनकी पेंशन अपने आप बन जाती है। लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है।

जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि चाहे किसान, मजदूर, व्यापारी, आमजन, युवा वर्ग हो। भाजपा ने हर वर्ग का ध्यान रखते हुए उनके योजनाएं क्रियान्वित की तथा उन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, समय-समय पर यह भी सुनिश्चित किया। कार्यकर्ता इन्ही जनहित की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का काम करें।आगे कहा कि मीडिया व सोशल मीडिया का आमजन पर काफी गहरा प्रभाव पड़ता है। ये दोनों ऐसे साधन है, जिसके माध्यम से कम समय में अपनी बात अधिक अधिक लोगों तक पहुंचाई जा सकती है। ऐसे में कार्यकर्ता अपनी बात एवं विचारों को मजबूती से आमजन तक पहुंचने के लिए मीडिया व सोशल मीडिया विंग को मजबूत रखे।

### ये रहे मौजूद

इस बैठक में इस मौके पर पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा, विधायक लीला राम, जिला प्रभारी मनीष यादव, जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर, चेयरमैन सुरभि गर्ग प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाना, तेजवीर सिंह राजपाल तंवर, कुलवंत बाजीगर, रवि तरावली, दिनेश कौशिक, मनीष कठवाड़, सुरेश राविश, अरुण सर्राफ, सुरेश गर्ग, जिला महामंत्री सुरेश संधू, जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित आदि उपस्थित थे।

## बाबू अनन्त राम जनता कालेज कौल में किया पौधरोपण



**ढांड।** बाबू अनंत राम जनता कालेज कौल में पौधारोपण करते स्टाफ सदस्य ।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढांड

बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल, कैथल के प्रांगण में महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह के निर्देशन और प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पौधारोपण जागरूकता अभियान के निमित्त सात दिवसीय पौधारोपण के दूसरे दिन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने इस अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे लिए यह जानना वास्तव में महत्वपूर्ण है कि पेड़ कितने मायने रखते हैं। पेड़ तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम को बिल्कुल उपयुक्त बनाने में मदद करते हैं। इसके अलावा वे हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन और कागज जैसी चीजें देते हैं। साथ ही, बहुत से जानवर और पक्षी पेड़ों को अपना घर भी बनाते हैं। लेकिन, वनों की कटाई एक बड़ी समस्या है, जहाँ हम बहुत सारे पेड़ काटते हैं। इससे जलवायु परिवर्तन जैसे बड़े मुद्दे पैदा हो रहे हैं और बहुत सारे पौधे और जानवर हमेशा के लिए गायब हो रहे हैं। हमें पृथ्वी की देखभाल करने की जरूरत है, जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। ऐसा करने का एक तरीका यह है कि हम अपने आसपास की धरती को फिर से हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। आज इस शिविर के द्वितीय दिवस के मुख्यातिथि के रूप में प्रबंधन समिति के उप प्रधान कंवरपाल सिंह और उनके सहयोगी सुभाष कुमार ने महाविद्यालय के परिसर में आम, कीनू और मौलश्री आदि उपयोगी वृक्ष लगाये। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सोनिया रानी ने स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया।

### ये रहे माजूद

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना समिति की सदस्या डॉ. पुष्पा, डॉ. अनीता नैन, डॉ.मीनाक्षी, डॉ. राधिका खन्ना, डॉ संदीप कुमार, डॉक्टर ब्रजिन्दर कुमार, डॉक्टर दीपचंद सुरेश कुमार, राहुल कुमार, बलवान सिंह आदि उपस्थित थे।

## खंड राजौंद में ई अधिगम टीचर्स और ई अधिगम स्टूडेंट्स को किया सम्मानित



**गुहला चीका।** विद्यार्थीयों व स्टाफ सदस्यों को सम्मानित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी। । फोटो : हरिभूमि

**गुहला चीका।** खंड राजौंद में ई अधिगम टीचर्स और ई अधिगम स्टूडेंट्स को किया गया सम्मानित। बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवम् खंड संसाधन संयोजक राजौंद ने बताया कि ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के दौरान जिला स्तर पर ई अधिगम के अंतर्गत समर बोनाजा कार्यक्रम चलाया गया था। इसका उद्देश्य यह था कि ज्यादा से ज्यादा बच्चे और अध्यापक ई अधिगम कार्यक्रम में भाग लेकर खंड स्तर पर अपनी पोजीशन बनाए। इस कड़ी में खंड से दस टॉपर ई अधिगम बच्चों और छह ई अधिगम टीचर्स को शामिल किया गया। बलबीर कश्यप खंड शिक्षा अधिकारी एवम् खंड संसाधन संयोजक राजौंद ने सभी टॉपर्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर एप्रिसिएशन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इसमें सतबीर सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल किठाना प्रिंसिपल।क्योंकि प्रिंसिपल के पास और भी महत्वपूर्ण कार्य होते हैं फिर भी अपने व्यस्तम समय में बच्चों को ई अधिगम स्टूडेंट्स बनाने में भी पूरा सहयोग करते है।

# हुड्डा सरकार बनने पर हरियाणा देश का सबसे विकसित व सुरक्षित राज्य बनेगा

**कहा : युवाओं को पेपर लीक व भर्ती घोटाले के शोषण से कांग्रेस दिलाएगी मुक्ति**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी के सदस्य एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खास समर्थक प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कुशल नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर हरियाणा को फिर से देश का सबसे विकसित और सुरक्षित राज्य बनाया जाएगा। प्रदेश में चारों तरफ हरियाली, खुशहाली, आपसी भाईचारा, अमन चैन व शांति का माहौल स्थापित होगा। प्रदीप चौधरी अपने जनसंपर्क अभियान के तहत हलके के कई गांवों में कांग्रेस की नीतियों का प्रचार कर रहे थे। इससे पूर्व कैथल कुरुक्षेत्र जिला कांग्रेस प्रभारी संजय महाराज के साथ आयोजित बैठक में प्रदीप चौधरी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में भाग लिया। यहां बातचीत करते हुए, कांग्रेसी नेता प्रदीप चौधरी ने आरोप लगाया कि कौशल निगम के जरिए, बीजेपी सरकार पक्की नौकरी, आरक्षण और मेरिट को खत्म करना चाहती है। सरकार पढ़े-लिखे युवाओं का बेहद कम वेतन में शोषण कर रही है, लेकिन कांग्रेस सरकार बनने पर युवाओं को इस शोषण से मुक्ति दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हुड्डा सरकार बनते ही भविष्य में कौशल कर्मियों के लिए भी शोषण मुक्त व्यवस्था बनाई जाएगी।



**कैथल।** कांग्रेस प्रभारी संजय महाराज के साथ कांग्रेसी नेता प्रदीप कुमार चौधरी व अन्य पार्टी साथीगण। फोटो:हरिभूमि

## आम जन उठा रही है सरकार की योजनाओं का फायदा : संजय सैनी



**कैथल।** भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर किसान मोर्चा कैथल की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**कैथल।** भाजपा किसान मोर्चा कैथल की जिला स्तरीय बैठक आज भाजपा कार्यालय कैथल कपिल -कमल में भाजपा किसान मोर्चा कैथल जिला अध्यक्ष संजय सैनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला किसान मोर्चा कैथल के प्रभारी आजाद खलीला व लोकसभा के सह प्रभारी संदीप राणा ने शिरकत की। बैठक में भाजपा के यशस्वी और लोकप्रिय जिलाध्यक्ष अशोक गुज्जर का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जनता के हित के लिए हर रोज घोषणा करते हैं,उनका सभी को फायदा उठाना चाहिए। मंच संचालन किसान मोर्चा के जिला महामंत्री अशोक सेरहदा ने किया। बैठक में जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारणी सदस्य व सभी मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया। आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य भाजपा को ग्राम स्तर तक और मजबूत बनाना व सभी गांवों से ग्राम प्रमुख बना कर भाजपा की उपलब्धियों को लोगों को घर घर तक बताना रहा। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी राज रमन दीक्षित जिला महामंत्री प्रताप राणा, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र गुज्जर, राजकुमार शर्मा, जसमेर मोगा, मक्खन डोहर आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### 11 से 15 जुलाई तक गांव व वार्ड वाइज लगाए जाएंगे परिवार पहचान पत्र संबंधित शिविरः सी.जया श्रद्धा

**कैथल।**एडीसी सी.जया श्रद्धा ने बताया कि सिटीजन रिसोर्सेज इंफोरमेशन विभाग द्वारा परिवार पहचान पत्र के संदर्भ में गांव व वार्ड वाईज 11 से 15 जुलाई तक शिविर लगाए जाएंगे। इस शिविर में आमजन जन्म तिथि का सत्यापन, नेम डैमो-ओथंटिक वैरिफिकेशन, वैवाहिक स्थिति सत्यापन, फैमिली स्ट्रक्चर अनवॉटिड व अनटैग वैरिफिकेशन, व्यवसाय, डुप्लीकेट मोबाईल नंबर, बैंक अकाउंट, जाति वैरिफिकेशन, परिवार पहचान पत्र संशोधन सत्यापन की जाएगी।अतिरिक्त उपायुक्त सी.जया श्रद्धा ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने डीईओ, डीईईओ, डीडीईओ और सभी बीईओ को कहा कि वे ड्यूटी चार्ट के अनुसार कैंप लोकेशन को खोलना और संबंधित मुख्य टीचर की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। संबंधित स्कूल नोडल ऑफिसर दैनिक उपस्थिति तथा प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ-साथ पीने के पानी व अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। डीडीपीओ तथा सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे ग्राम सचिव को आदेश दें कि लंबित आय व जाति वैरिफिकेशन के कार्य को पूरा करवाएंगे। डीआरओ तथा सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि वे पटवारी, कानूनगो, सीआरओ व एमसी को आदेश दें कि लंबित जाति वैरिफिकेशन को पूरा करें और इसकी प्रगति रिपोर्ट अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में भिजवाएं।

### दुकान से लाखों रुपयों का किराना सामान चुराया



**गुहला चीका।** आज यहां चोरों ने एक किराने की दुकान में सेंधमारी करते हुए लाखों रुपए के किराने के सामान को चुरा लिया और फुर्र हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान के मालिक सुशील कुमार ने बताया कि जब वे सुबह आए तो उन्होंने दुकान का ताला टूटा हुआ मिला। सुशील ने पुलिस को बताया कि वे हर रोज की तरह गत रात को भी वे ताला लगाकर अपनी दुकान बंद कर घर गए थे परंतु जब सुबह वे दुकान पर आए तो दुकान का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। सुशील ने बताया कि उनकी तीन मंजिला दुकान है और उनका काफी ज्यादा नुकसान हुआ है। चीका पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# जिला को नशा मुक्त बनाना उद्देश्य

- सर्च ऑपरेशन तहत कलायत, मंडवाल तथा दाबनखेड़ी में की गई सघन जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

बुधवार की सुबह एसएचओ गुहला इंस्पेक्टर राजपाल, एसएचओ चीका इंस्पेक्टर बलबीर सिंह, एसएचओ सीवन एसआई सुरेश कुमार, एसएचओ कलायत इंस्पेक्टर शिव कुमार, एसएचओ राजौंद इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार, एएनसी स्टाफ प्रभारी एसआई बलराज सिंह की कई टीमों द्वारा कमांडो दस्ते के साथ गांव दाबनखेड़ी, मंडवाल तथा कलायत क्षेत्र में सर्च आपरेशन चलाया गया। जिसके तहत पूरे क्षेत्र में आमजन के मन में सुरक्षा के भावों को पुख्ता किया गया व संदिग्ध घरो की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छीपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या अपराधीक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि एसपी उपासना के आदेश पर सुबह-सुबह चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशे का कारोबार करने वालों और आपराधिक कार्यों में शामिल आरोपी जो गैर कानूनी तरीके से रह रहे हों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा, इसके साथ साथ नशा ना करने बारे भी जागरूक किया गया।



**कैथल।** जांच व पूछताछ करते पुलिसकर्मी। फोटो:हरिभूमि

### विधवा व तलाकशुदा महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए दिया जा रहा ऋण

**कैथल।** हरियाणा महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक जगदीप सिंह ने बताया कि विधवा व तलाकशुदा महिलाओं के लिए ऋण योजना के तहत हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा विधवा व तलाकशुदा महिलाओं को स्वावलबी बनाने के लिए और व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से 3 लाख रुपए तक के ऋण दिलवाने की योजना शुरू की है। अधिक जानकारी देते हुए जिला प्रबंधक जगदीप ने बताया कि इस योजना के तहत जिला कैथल के लिए वित्त वर्ष 2024-25 में 40 केसों का लक्ष्य रखा गया है। स्कीम के अंतर्गत जिन विधवा व तलाकशुदा महिलाओं की वार्षिक आय 3 लाख रुपए तक है और आयु 18 से 60 वर्ष है, वे महिलाएं इस स्कीम की पात्र होंगी।



**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए।

### जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के प्रति गंभीर प्राथमिकता के साथ किया जा रहा समाधानः प्रशांत पंवार

**कैथल।** प्रदेश सरकार के आदेशानुसार जिला प्रशासन द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं का समाधान करने में कारगर साबित हो रहे हैं। आम नागरिक 11 जून से शुरू हुए इन शिविरों लगातार लाभ उठा रहे हैं और परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी, पैंशन तथा पुलिस विभाग आदि से संबंधित समस्याओं का समाधान पा रहे हैं। बुधवार को डीसी प्रशांत पंवार व एसपी उपासना सहित अन्य अधिकारियों ने शिविर में आए लोगों की शिकायते सुनी। शिविर के दौरान 48 नागरिक अपनी शिकायत लेकर पहुंचे, इनमें से 19 का मौके पर समाधान किया गया। अन्य शिकायतों का निर्धारित समय अवधि में समाधान करने के निर्देश दिए ताकि नागरिकों को ज्यादा परेशान ना होने पड़े। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि समाधान शिविर के प्रति नागरिकों का रुझान काफी बढ़ रहा है। हर रोज नागरिक शिकायतें लेकर समाधान शिविर में पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के प्रति गंभीर है और उनका समाधान प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।



### पहली मैरिट में दाखिले का दिन बढ़ने से उमड़े विद्यार्थी

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज कैथल में दाखिला प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है। विद्यार्थियों की भारी भीड़ तथा सोमवार को पोर्टल के ठीक से काम न करने को ध्यान में रखते हुए प्रथम मेरिट सूची की अंतिम तिथि आज एक दिन बढ़ा दी गई थी। इसलिए बुधवार सुबह से ही विद्यार्थियों ने कॉलेज में आना शुरू कर दिया था। साथ ही प्रथम मेरिट सूची के विद्यार्थियों को अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाए जाने के कारण कॉलेज की ओर से फोन करके दाखिला लेने के लिए कहा गया था।

## प्रांगण में सुबह से ही विवाह उत्सव जैसा वातावरण था

# एस.एस बाल सदन स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

चन्दाना गेट स्थित एस.एस बाल सदन सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने बुधवार को 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.एस सोसाइटी के चेयरमैन रविभूषण गर्ग एवं प्राचार्य राजरानी गर्ग ने की। विद्यालय प्रांगण में आज सुबह से ही विवाह उत्सव जैसा वातावरण था। विद्यालय प्रांगण में हवन का आयोजन किया गया। मन्त्रेच्चारण के साथ विद्यालय के आगामी भविष्य की मंगल कामना की गई। हवन कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा आहुति डाली गई। हवन के पश्चात स्टाफ सदस्यों और छात्रों के द्वारा पुष्प कुंज देकर चेयरमैन रविभूषण गर्ग एवं प्राचार्य राज रानी गर्ग को पुष्प कुंज देकर स्वागत किया गया। छात्रों द्वारा केक कटवाकर अपनी खुशी का इजहार किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए रविभूषण गर्ग ने कहा कि एस.एस बाल सदन परिवार जिस मुकाम पर आज खड़ा है उसके पीछे अथक मेहनत और प्रयास रहा है। उन्होंने कहा कि जब आज से 46 वर्ष पहले जब 10 जुलाई 1978 को मात्र 52छात्रों के साथ विद्यालय आरंभ किया था तब कभी नहीं सोचा था की हम इस शानदार स्थिति तक पहुंच जाएंगे। गर्ग ने कहा कि 46 वर्षों में कितने ही छात्र शिक्षा ग्रहण करने आए और आज वह अपना सफल जीवन व्यतीत कर रहे।गर्ग ने विद्यालय की शानदार सफलता के लिये सभी को बधाई दी। इस खुशी के अवसर पर विद्यालय द्वारा आयोजित लंच कार्यक्रम में हजारों लोगों ने शिरकत की।





**कैथल।** स्थापना दिवस पर हवन में आहुति डालते तथा केक काटते एस.एस बाल सदन सीनियर सैकेंडरी स्कूल के पदाधिकारी।

### ये रहे मौजद


इस अवसर पर राजरानी गर्ग, हिमांशु गर्ग, श्रेया गर्ग, सपना सिंगला, कुसुम बिन्दलिश, तृप्ता शर्मा, पूजा सोनी, मधु सैनी, पूजा सोनी, शोभा सिंगला, पूजा शर्मा, सिमरन सैनी, सुमन सैनी, सुनीता जाँगड़ा, पूजा रानी, मानित्त आदि मौजूद थे।

# मोबाइल का प्रयोग दे रहा बीमारियों को न्योता

- जीवन में हो रहा भटकाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

आज मोबाइल लोगों के लिए एक बहुत ही जरूरी गैजेट हो गया है। लोग अपने साथ चल रहे इंसान को भूल सकते हैं लेकिन अपने फोन को लेना नहीं भूल सकते हैं। कई लोग सिर्फ काम के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं तो कई लोग खूब गेम भी खेलते हैं। देखने में आया है कि मोबाइल का अधिक प्रयोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रहा है तथा यह कई बीमारियों को न्योता दे रहा है। इसे लेकर हरिभूमि ने उजाला सिग्नस अस्पताल के वाइस प्रेजीडेंट डा. जसजीत सिंह से बातचीत की। उन्होंने बताया कि कई लोग ऐसे हैं जो फोन का इस्तेमाल हर दिन 10-12 घंटे तक करते हैं जो कि उनके लिए बहुत ही खतरनाक है। यदि आप भी मोबाइल का इस्तेमाल लंबे समय तक करते हैं तो यह खतरे से कम नहीं है।



डा. जसजीत सिंह

**आंखों में तनाव।** लंबे समय तक मोबाइल स्क्रीन को देखने से आंखों पर तनाव पड़ सकता है, जो आंखों के लिए हानिकारक हो सकता है।

**स्वास्थ्य समस्याएंः** बहुत लंबा समय तक मोबाइल का इस्तेमाल करने से गर्दन और पीठ में दर्द हो सकता है। इसके अलावा, लंबे समय तक स्क्रीन को देखने से सिरदर्द की भी समस्या हो सकती है।

**नींद की समस्याः** रात को लंबे समय तक मोबाइल का इस्तेमाल करने से नींद की समस्या हो सकती है, क्योंकि मोबाइल की ब्लू लाइट नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करती है।

**मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएंः** मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है, जैसे कि अत्यधिक स्ट्रेस, चिंता, और डिप्रेशन। इसके अलावा कई बार ऐसा भी हो सकता है कि फोन न मिलने पर आप बिना मतलब बेचैन हो सकते हैं। ऐसे में बेहतर यही है कि खाते समय, टीवी देखते समय, किसी से बात करते मोबाइल का इस्तेमाल न करें। बहुत जरूरी हो तब ही फोन का इस्तेमाल करें। मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से सामाजिक और पारिवारिक संबंधों का भी नुकसान होता है, क्योंकि इससे असली जीवन में भटकाव होता है।

## खबर संक्षेप



जींद। लाइन चेंज करने पर चालान करते हुए ट्रैफिक पुलिसकर्मी।

### पुलिस ने 66 वाहन चालकों के काटे चालान

**जींद।** जिला पुलिस द्वारा बुधवार को एसपी सुमित कुमार के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व सड़क हादसों से बचाने के लिए गलत लेन में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के तहत लाइन चेंज के 66 चालकों के चालान काटे गए। थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक शमशेर सिंह ने बताया कि एसपी सुमित कुमार द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन के लिए भारी वाहनों के लिए लेन ड्राइविंग (बाई लेन) निर्धारित करने व बाई लेन में चलने के लिए वाहन चालकों को जागरूक कर आवश्यक कारवाई करने के लिए पुलिस अधिकारियो कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### कार की चपेट में आने से दो युवक घायल

**कैथल।** पाडला रोड बाइपास पर अज्ञात कार चालक ने स्कूटी सवार दो युवकों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। अर्जुन नगर निवासी मुकेश ने शहर थाना में शिकायत दी कि छह जुलाई को रात करीब पौने 10 बजे वह और उसका दोस्त जितेंद्र स्कूटी पर पाडला रोड बाइपास से जा रहे थे। वहां अज्ञात कार चालक ने उन्हें टक्कर मारकर घायल कर दिया। जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीपीपी में त्रुटियों ठीक करने के लिए आज से शुरू होंगे विशेष शिविर

**जींद।** नागरिक संसाधन सूचना विभाग द्वारा डीसी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में जिला में शहरी क्षेत्र के वार्ड स्तर पर और प्रत्येक गांव में 11 से 15 जुलाई तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नागरिकों की परिवार पहचान पत्र से संबंधित त्रुटियों को दूर किया जाएगा। शिविरों में क्रीड विभाग द्वारा संबंधित विभागों से तालमेल बनाकर नागरिकों पीपीपी से संबंधित समस्याओं को दूर किया जाएगा। इन शिविरों के आयोजन को लेकर डीसी द्वारा संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए।

### रेगुलाइजेसन के लिए दिया ज्ञापन

**कैथल।** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले पब्लिक हैल्थ ग्रामीण जलकर्मी ऑर्गनाइजेशन द्वारा अपनी मांगों को लेकर जिला उपायुक्त के माध्यम से पंचायत मंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा गया। आज के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ग्रामीण जलकर्मी श्री पंजाब सिंह ने की व मंच का संचालन जिला सचिव ग्रामीण जलकर्मी श्री बलविंदर जी ने की इसी के तहत जिला कैथल के सभी ग्रामीण जलकर्मी हनुमान वाटिका में सैकड़ो की संख्या मे इकट्ठे हुए। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री संजीव बाता जी ग्रामीण जलकर्मी संघ व जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ कैथल ने की।

## मरीजों की भारी भीड़, जितना है, उससे भी बेहतर देने का प्रयास

# नागरिक अस्पताल में चिकित्सक के पद 55, काम कर रहे 19

- फिल्ड से चिकित्सक बुला संभाल रहे भारी-भरकम ओपीडी को
- एक पीएमओ, पांच एसएमओ भी अस्पताल में, 15 साल से रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली
- निर्माण से लेकर अबतक नही हुई चिकित्सकों की कमी पूरी
- 200 बैड का अस्पताल, स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी
- चिकित्सकों की कमी के बावजूद बेहतरीन सुविधाएं दे रहे : डा. गोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





जींद। अस्पताल में ओपीडी के लिए लगी लाइन व चिकित्सक के कमरे के बाहर लगी भीड़। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संज्ञान लेते हुए हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर जवाब-तलबी की है। हालांकि अस्पताल प्रशासन को अभी तक नोटिस नही मिला है, बावजूद इसके अस्पताल प्रशासन जितना है उससे भी बेहतर देने के दावे कर रहा है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि समय-समय पर उच्च अधिकारियों को स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी, स्पेशलिस्ट, साजोसामान के बारे में अवगत करवाया जाता है। बावजूद इसके जितने भी चिकित्सक अस्पताल को उपलब्ध हैं, उनसे व्यवस्था बनाने का काम किया जाता है।

जिला मुख्यालय पर 1975 में नागरिक अस्पताल की शुरूआत हुई थी। उस समय से लेकर आजतक जिले में चिकित्सकों की कमी कभी भी दूर नहीं हुई। जींद अस्पताल की बात की जाए तो यहां 55 चिकित्सकों की आवश्यकता है लेकिन इस समय केवल 19 मेडिकल ऑफिसर (एमओ) काम कर रहे हैं। इसके अलावा एक पीएमओ, पांच एसएमओ लेवल के अधिकारी कार्यरत हैं। दो आरबीएसके के तहत चिकित्सक व अन्य फिल्ड में कार्यरत हैं। जिन्हें समय-समय पर रोटेशन के हिसाब से नागरिक अस्पताल में बुला कर ओपीडी करवाई जाती है। 200 बैड का अस्पताल, स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी जिला मुख्यालय पर 200 बैड का अस्पताल बना हुआ है। वहीं, सफीदों, नरवाना तथा उचाना सब डिविजन पर 100-100 बैड के अस्पताल हैं।

### 15 साल से रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली

*नागरिक अस्पताल में पिछले 15 साल से किसी भी रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति नहीं हुई है। बिना रेडियोलॉजिस्ट के कारण जिले के लोगों को निजी अस्पतालों में महंगी फीस पर अल्ट्रासाउंड करवाने पड़ रहे हैं। वहीं आई सर्जन डा. गितांशु, डा. पूनम कैजुअल्टी व डा. सीमा वशिष्ठ जा चुके हैं। वहीं लैब में भी 14 पद स्वीकृत हैं जबकि केवल सात तकनीशियन ही काम कर रहे हैं।*

### हजारों की संख्या में होती है ओपीडी

*नागरिक अस्पताल में ओपीडी की बात की जाए तो प्रतिदिन 1600 तक की ओपीडी होती है। सोमवार व मंगलवार को ओपीडी की संख्या 1800 से दो हजार तक पहुंच जाती है। ऐसे में सुबह होते ही चिकित्सकों के कमरे के आगे मरीजों की लाइन लग जाती है। रोजाना सैंकड़ों मरीज इलाज के लिए दूर-दूर के गांवों से सिविल अस्पताल पहुंचते हैं लेकिन डॉक्टरों की कमी से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।*

### वीआईपी ड्यूटी तो कभी कैंप से परेशानी

चिकित्सकों की कमी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होना लाजमी है। इसके अलावा कभी वीआईपी डयूटी तो कहीं कोई स्वास्थ्य कैंप तो कभी दिव्यांग कैंप के लिए चिकित्सकों को जाना पड़ता है। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानी होती है। मरीजों व उनके तिमारदारों को पता ही नही चल पाता है कि अस्पताल में उनके उपचार से संबंधित चिकित्सक है या नही।

### बेहतरीन सुविधाएं दे रहे : डा. गोपाल

*सिविल सर्जन डा. गोपाल ने बताया कि विशेषज्ञों व चिकित्सकों की कमी के बावजूद भी जितनी सुविधाएं उपलब्ध हैं, उनके माध्यम से चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में उपचार की बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया जाता है। स्वास्थ्य निदेशालय से समय-समय पर चिकित्सकों तथा अन्य कर्मचारियों की मांग की जाती है।*



नरवाना। कालवन गांव में कैंप में उपस्थित नशा मुक्ति की टीम।

## कालवन में पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने लगाया नशा मुक्ति कैंप

- ड्रग्स मुक्ति कैंप में 21 नशा पीड़ितों ने करवाया रजिस्ट्रेशन, उपचार शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

बुधवार को कालवन गांव में पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, डा. एम. रवि किरण के मार्गदर्शन में एसपी जींद सुमित कुमार के नेतृत्व में एक दिवसीय नशा मुक्ति कैंप लगाया गया। नशा मुक्ति टीम प्रभारी उप निरीक्षक नरेश ने बताया टीम ने गांव में डोर टू-डोर सर्वे कर अब तक 15 लोगों की पहचान की है जो ड्रग की लत प्रभावित है। जिनमें से 10 ड्रग्स पीड़ित और 11 अत्यधिक शराब का सेवन करने वाले है। सभी 21 युवाओं ने उपचार करवाया। साथ में उन्होंने बताया कि पुलिस ने ड्रग प्रभावित गांवों मे सुधार के लिए, नशे की लत में पड़े युवाओं का उपचार कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने के लिए एक दिवसीय नशा मुक्ति शिविर लगाने की अनुमति एवं निर्देश प्राप्त हुये। सभी संबंधित विभागों व ग्राम पंचायत के सहयोग से नशा मुक्ति शिविर को सफल बनाया गया। नशा मुक्ति कैंप में आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी ने नशा पीड़ित मरीजों के काउंसलिंग उपचार शुरू किए। युवाओं को नशे की लत से उभारनें के लिए उनकी काउंसलिंग एवं उपचार कर उन्हें मुख्य धारा में जोड़ना उनकी प्राथमिकता रही है।

### खुद को सरकारी स्कूल की अध्यापिका बताकर एक महिला ने बैंक से लिया आठ लाख रुपये का लोन, मामला दर्ज

**कैथल।** खुद को एक सरकारी स्कूल की अध्यापिका बताकर एक महिला ने कुरुक्षेत्र एसबीआई शाखा से आठ लाख रुपये का लोन ले लिया। जब किश्त नहीं भी और दस्तावेजों की जांच की गई तो आरोपी महिला के दस्तावेज फर्जी पाए गए। पुलिस ने महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। भारतीय स्टेट बैंक कुरुक्षेत्र शाखा के प्रबंधक ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि वर्ष 2021 में गांव कैलरम निवासी महिला मीना ने बैंक की शाखा से आठ लाख रुपये का लोन लिया था। लोन लेते समय आरोपी महिला ने स्वयं को गांव नरड़ के सरकारी स्कूल में अध्यापिका होने संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, जिन पर स्कूल के प्रिंसिपल की भी मुहर लगी थी। लोन लेने के बाद जब आरोपी ने किश्तें नहीं भी तो बैंक ने उसके दस्तावेजों की जांच की और स्कूल में कर्मचारी भेजकर पड़ताल करवाई।

## नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसो ने की डीजी से मुलाकात

- नर्सिंग ऑफिसर्स की तीन मांगों को विधानसभा चुनाव से पहले पूरा करने की करी अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। डीजी से मुलाकात करती आल नर्सिंग आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन।

ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा ने नर्सिंग ऑफिसर्स की मांगों को लेकर स्वास्थ्य महानिदेशक (डीजी) हरियाणा डा. रणदीप सिंह पूनिया से मुलाकात की। साथ ही हरियाणा के मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कराने के लिए समय दिलवाने का आग्रह किया। इसके लिए एसोसिएशन को एक सप्ताह का समय डीजी की तरफ से दिया गया। बुधवार को चंडीगढ़ पहुंची ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की ओर से अपनी मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मीटिंग के लिए मुख्यमंत्री के पीए को पत्र दिया गया। साथ ही महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा को भी इस संबंध में पत्र दिया गया। एसोसिएशन की ओर से कहा गया है कि आगामी एक सप्ताह में मुख्यमंत्रीए एडिशनल चीफ सेक्रेटरी व स्वास्थ्य मंत्री से मीटिंग के लिए समय नहीं मिला तो एसोसिएशन अगली रणनीति तैयार करेगी। इस दौरान ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन की चेयरपर्सन निर्मल ढांडा, रा'य प्रधान सुनीता देवी सहित कई सदस्य मौजूद रहे। चेयरपर्सन निर्मल ढांडा ने बताया कि नर्सिंग ऑफिसर्स का 7200 रुपए अलाउंस व ग्रुप.बी का दर्जा उनकी मुख्य मांगे हैं। साथ ही नर्सिंग सिस्टर्स की प्रमोशन लिस्ट भी तुंरत जारी करने की मांग की गई। डीजी ने अधिकारियों को प्रमोशन लिस्ट जल्द जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही एलटीसी का बजट जारी करवा दिया गया। एसोसिएशन की ओर से कहा गया कि अस्पतालों में रीढ़ की हड्डी बन कर काम करने वाली नर्सिंग ऑफिसर्स ने हमेशा स्वास्थ्य विभाग का सम्मान बढ़ाया है। शांतिपूर्वक उठाते हुए अस्पतालों में मरीजों की सेवा को बाधित नहीं होने देना नर्सिंग ऑफिसर्स की प्राथमिकताओं में रहता है।

## 27 को उचाना आएंगे सीएम नायब सिंह सैनी: संदीप घोघड़िया

- सीएम नायब सिंह सैनी देंगे उचाना को नायब तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



आगामी 27 जुलाई को कपास मंडी में सीएम नायब सिंह सैनी के प्रस्तावित जनसभा को लेकर भाजपा नेता संदीप घोघड़िया द्वारा घसो, सफा खेड़ी, तारखा, काब्रच्छा, डूमरखा, खापड़ गांव के दौरे किए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए संदीप घोघड़िया ने कहा कि कपास मंडी में आयोजित सामाजिक समरसता जनसभा में सीएम नायब सिंह सैनी आएंगे। जनसभा में प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडोली, डॉ. के लक्ष्मण, बिजली एवं जेल मंत्री रणजीत चौटाला, कर्ण देव कंबोज पहुंचेंगे। ये जनसभा उचाना के लिए सौगात देने वाली होगी। लोकसभा चुनाव के बाद सीएम नायब सिंह सैनी उचाना आ रहे है जो लोगों को नायब तोहफे देकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने समाज विकास की सोच के चलते पूरे प्रदेश में विकाय कार्य करवाने का काम किया। पर्ची-खर्ची बंद करके योग्यता के आधार पर रोजगार देने का काम किया।

## सरकारी स्कूल में पढ़कर बन सकते है अधिकारी : रितु गौतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



एचसीएस परीक्षा पास करने वाली रितु गौतम को सम्मानित करते हुए।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करसिंधु में छात्र-छात्रों को प्रेरित करने के लिए मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में नवचयनित एचसीएस रितु गौतम बीडीपीओ ने भाग लिया। राजकीय स्कूल उचाना में पढ़ाई कर एचसीएस परीक्षा पास करने वाली रितु गौतम ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य बड़ा नही है। सही दिशा मे मेहनत की जाए तो कोई भी बाधा आपको अपने मकसद में कामयाब होने से नही रोक सकती। रितु गौतम ने कहा कि विद्यार्थीयो को अपने माता-पिता, गुरूजनों का सम्मान करना चाहिए। इनसे मार्ग दर्शन लेकर आगे बढ़ते रहे। स्कूल मुखिया देवी प्रसन्न ने कहा कि विद्यार्थियों को चाहिए कि वो रीतु गौतम को अपना रोल मॉडल मानते हुए उनके नक्शे कदम पर चलकर अपने माता पिता, गुरूजनों का नाम रोशन करे। दयानन्द शर्मा, शिशपाल शास्त्री एवं उनकी पुत्री अंजलि शर्मा जिन्होंने 2023-24 में दसवीं कक्षा में भिवानी बोर्ड टॉप-5 में अपना स्थान बनाया वो भी पहुंची है।

## राहुल गांधी को अनिल विज द्वारा दिए गए चुनाव लड़ने के चैलेंज बयान बेतुका: बृजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। हलके में जनसंपर्क अभियान के तहत पहुंचे पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह।

पूर्व गृह मंत्री अनिल विज द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को उनके खिलाफ चुनाव लड़ने के बयान को पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह ने बेतुका बयान बताते हुए कहा कि अनिल विज को पता होना चाहिए कि राहुल गांधी दो जगहों से बड़े अंतर से सांसद बने है। केरल से लेकर यूपी तक वो चुनाव लड़ चुके है। इस तरह के बयान देना मात्र चर्चा में रहने से 'यादा कुछ नहीं है। ये बयान बिल्कुल बेतुका है। सफा खेड़ी गांव में विकास सफा खेड़ी के निवास पर पत्रकार वार्ता में पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला आगामी 100 दिन भाजपा की पोल खोलने के बयान पर पूर्व सांसद ने कहा कि साढ़े चार पहले पोल खोल देते तो आज जो नौबत आई है वो उनके लिए नहीं आती। इनेलो, बसपा के बड़े नेताओं की मुलाकात से प्रदेश के तीसरे मोर्चा बनने के संकेत पर बृजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में भाजपा, कांग्रेस के बीच मुकाबला होगा। जब तक चुनाव आएगा तीसरा, चौथा, पांचवा मोर्चा बनेंगे। छात्तर में सरकारी कॉलेज की बिल्डिंग नहीं बनने पर बोलते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि 2014 से 2019 तक बहुत काम मंजूर हुए, काफी बड़े प्रोजेक्टों के शिलान्यास हुए। जो सरकार में दो नंबर पर थे ।

## कमीशन ना बढ़ाने पर बिफरे डिपो होल्डर

- कमीशन नही बढ़ा तो सिव चुनाव में बीजेपी सरकार को मुंहतोड़ जवाब देंगे डिपो होल्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जाट धर्मशाला में बुधवार को डिपो होल्डरों की बैठक प्रधान मदनलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डिपो धारकों ने बीजेपी सरकार के प्रति रोष जताया और कहा कि डिपो धारकों की एक ही मांग थी कि उनका कमीशन दो से बढ़ा क र चार रुपये दिया जाए। उन्होंने कहा कि नायाब सरकार हर एक कर्मचारी की तनख्वाह बढ़ा रही है। जबकि डिपो होल्डरो का कहना था कि दो प्रतिशत कमीशन के हिसाब से उन्हें कुछ नही बचता है। दुकान का किराया, बिजली बिल, मजदूर का किराया निकालना ही मुश्किल हो जाता है। जरा सी लापरवाही पर डिपो होल्डर का तुरंत डिपो छीन लिया जाता है। पिछले छह माह से उनका कमीशन रूका हुआ है। नायाब सरकार या तो उनका कमीशन बढा कर चार रुपये करे नहीं तो खामियाजा भुगतने के लिए तैयार रहे। मदनलाल ने कहा कि अगर उनका कमीशन नहीं बढ़ाया गया तो समस्त हरियाणा प्रदेश के डिपो होल्डर जिला जींद में एक आंदोलन करेंगे। इस मौके पर सुखबीर सिवाहा, सुधीर, अनिल, रामवीर, रामेश, सहित अनेक डिपो होल्डर मौजूद रहे।

### छेड़खानी व धमकी के आरोप में तीन पर केस दर्ज

**कैथल।** राजौंद थाना के तहत आने वाले एक गांव में पड़ोस के ही तीन युवाओं ने एक किशोरी के इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजकर उसे परेशान किया। साथ ही आरोपियों ने उससे छेडखानी करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि एक जून से 18 जून के बीच आरोपी प्रवीन, विजय व कुलदीप ने उसकी 14 वर्षीय बेटी के मोबाइल पर इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजकर उसे परेशान किया। आरोपियों ने उसके साथ छेडखानी की और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी ऋतु ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**दिक्कत** — लोगों को ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र के लिए करना पड़ रहा लंबा इंतजार

# पेगां गांव को अभी तक नहीं मिला ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र

- निर्माण को लेकर गांव के लोग पूर्व सीएम और डीसी तक से कर चुके पत्राचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



अलेवा। पेगां गांव में ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर के लिए बनी चहारदीवारी।

गांव पेगां में पूर्व सीएम की घोषणा के छह साल बाद भी गांव के लोगों को ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र शुरूआत के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इसके लिए गांव के लोगों ने पूर्व सीएम मनोहर लाल खटटर तथा डीसी तक को कई बार पत्राचार किया, लेकिन गांव के लोगों की मांग की तरफ अभी तक किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया है। जिसके कारण गांव के लोगों में सरकार के खिलाफ रोष है। पेगां ग्रामीण विकास मंच के प्रधान सतपाल पेगां ने बताया कि 26 मई 2018 को प्रदेश के पूर्व सीएम मनोहर लाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, उचाना की पूर्व विधायक प्रेमलता ने करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पेगां गांव के पास इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च (आइडीटीआर )सेंटर निर्माण को लेकर शिलान्यास किया था। आइडीटीआर सेंटर केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के फंड से चलाया जाता है, लेकिन सेंटर में ट्रेनिंग के व्हीकल और दूसरे उपकरण उपलब्ध करवाने को लेकर ओइएम पार्टनर की जरूरत होती है। ट्रेनिंग संस्थान में सभी उपकरण यह फर्म उपलब्ध करवाएगी। इसके लिए सोसाएटी रजिस्टर होती है। इसकी मदद से इसका संचालन होता है, लेकिन अभी तक कोई भी फर्म पेगां में आइडीटीआर सेंटर के लिए पार्टनशिप में आगे नहीं आई है।

### चहारदीवारी का काम पूरा

पेगां गांव में नौ एकड़, पांच कनाल, नौ मरले जमीन पर आइडीटीआर सेंटर बनाने के लिए जमीन निर्धारित की थी। इसके लिए पीडब्ल्यूडी एंड बीआर ने एक करोड़ 72 लाख रुपये खर्च करके चहारदीवारी तो बना दी, लेकिन अभी तक चहारदीवारी के अलावा ट्रेनिंग सेंटर के लिए अन्य सभी प्रक्रिया बंद पड़ी है। इस जमीन पर भवन, ट्रेनिंग टेस्ट ट्रैरक, कट माडल्स बनाए जाएगें। व्हीकल खड़े करने से लेकर प्रशिक्षुओं के रहने के लिए भी भवन बनेगा। नियमों के अनुसार जिस गांव में आइडीटीआर सेंटर बनता है, पहले ट्रेनिंग बैच में उस गांव के ड्राइवरों को प्रशिक्षण में छूट मिलती है। इसलिए आइडीटीआर सेंटर बनने के बाद पहले बैच में पेगां गांव के प्रशिक्षुओं को फ्री में प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही हर बैच में दो सीटें गांव के युआओं के लिए रिजर्व होगी।

### मुख्यालय को लिखा पत्र : संजीव कौशिक

मोटर व्हीकल अधिकारी संजीव कौशिक ने बताया कि आइडीटीआर के लिए ओइएम पार्टनर नहीं मिल पाया है। इसके लिए मुख्यालय को पत्र लिखा गया है। जैसे ही ओइएम पार्टनर मिल जाएगा, इसके निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा।